# सरिया कालेज की बी टीम ने जीता क्रिकेट प्रतियोगिता

## सिटी स्पोर्ट्स

संवाद सहयोगी, जागरण● सरिया : शनिवार को सरिया कालेज के विद्यार्थियों के बीच स्थानीय स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

टीम बी के कप्तान आशीष यादव ने टास जीतकर पहले फिल्डिंग करने का निर्णय लिया। टीम ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर के निर्धारित खेल में छह विकेट के नुकसान पर 56 रन बनाए। टीम बी ने महज दो विकेट के नुकसान पर छठे ओवर में 58 रन बनाकर मैच जीत लिया। टीम बी की ओर से राजदेव ने सर्वाधिक चार विकेट लिया। टीम ए के लिए सर्वाधिक 19 रन का योगदान सूरज कुमार यादव का रहा। ग्रुप बी की ओर से पवन कुमार ने सर्वाधिक 18 रन बनाए। विजेता व उप विजेता टीम को कालेज के प्राचार्य डा. संतोष कुमार लाल ने टीम ए के कप्तान उज्ज्वल यादव और टीम बी के कप्तान आशीष यादव को मेडल देकर सम्मानित किया। अन्य खिलाड़ियों को खेलकूद प्रभारी डा. अरुण कुमार व डा. आशीष कुमार सिंह ने मेडल देकर सम्मानित किया। मैच में अंपायर की भूमिका मुन्ना राणा तथा अशोक कुमार ने निभाई। प्रतियोगिता में अशोक यादव, सागर शर्मा, अमित कुमार, सुधांशु कुमार यादव, परमेश्वर कुमार, अक्षय कुमार, पवन कुमार, राहुल पंडित, काशी पंडित आदि ने भाग लिया।



शनिवार को क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच के दौरान दोनों टीम के सदस्य● जागरण

## आज इंडोर स्टेडियम में रोटरी इंटर क्लब वैडमिंटन टूर्नामेंट

जासं, गिरिडीह : रोटरी क्लब के अलग-अलग ग्रुपों के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को इंडोर स्टेडियम में रोटरी इंटर क्लब बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। इसमें रोटरी क्लब आफ गिरिडीह, रोटरी क्लब आफ गिरिडीह ग्रेटर व रोटरी क्लब आफ गिरिडीह कपल के प्रतिभागी शामिल होंगे। उक्त जानकारी रोटरी गिरिडीह के अध्यक्ष पीयूष मुसद्दी, रोटरी ग्रेअर के अध्यक्ष शंकर अग्रवाल व रोटरी कपल के अध्यक्ष हरिंदर सिंह मोंगिया ने संयुक्त रूप से दी। खेल महोत्सव का उद्घाटन एसडीओ करेंगे। मौके पर रोटेरियन सारंग केडिया, रोटेरियन विकास शर्मा व रोटेरियन गुरविंदर सिंह रहेंगे।

सिटी बाइट्स



## सरिया कॉलेज में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**सरिया.** सरिया स्टेडियम में शनिवार को सरिया कॉलेज के विद्यार्थियों के बीच क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. टीम बी के कप्तान आशीष यादव टॉस जीतकर पहले क्षेत्र आरक्षण करने का निर्णय लिया. टीम ए आठ ओवर के खेल में छह विकेट के नुकसान पर 56 रन बनाये. टीम बी की टीम लक्ष्य का पीछा करने उतरी तथा महज दो विकेट के नुकसान पर छठे ओवर में 58 रन बनाकर मैच जीत लिया. टीम बी की ओर से राजदेव ने सर्वाधिक चार विकेट लिये. वहीं टीम ए के लिए सर्वाधिक 19 रन का योगदान सूरज कुमार यादव का रहा. ग्रुप बी की ओर से पवन कुमार ने सर्वाधिक 18 रन बनाये. विजेता व उप विजेता टीम को कॉलेज के प्राचार्य डॉ संतोष कुमार लाल ने टीम ए के कप्तान उज्ज्वल यादव और टीम भी के कप्तान आशीष यादव को मेडल देखकर सम्मानित किया. अन्य खिलाड़ियों को खेलकूद प्रभारी डॉ अरुण कुमार व डॉ आशीष कुमार सिंह ने मेडल देकर सम्मानित किया. अंपायरिंग मुन्ना राणा तथा अशोक कुमार ने की. प्रतियोगिता में उज्ज्वल यादव, सूरज यादव, अशोक यादव, सागर शर्मा, अमित कुमार, सुधांशु कुमार यादव, परमेश्वर कुमार, अक्षय कुमार, आशीष यादव, पवन कुमार, राहुल पंडित, काशी पंडित, उमेश कुमार दास, उदय कुमार मंडल, राजदेव कुमार पासवान, रोशन कुमार आदि ने भाग लिया. कार्यक्रम के सफल आयोजन में सागर कुमार तथा लखन गोप का योगदान रहा.

दैनिक भास्कर
गिरिडीह भास्कर 30-11-2025

# सरिया हाईस्कूल में क्रिकेट मैच, टीम बी बनी विजेता

## सरिया कॉलेज के विद्यार्थियों के बीच टूर्नामेंट, विजेता व उपविजेता टीमों को कॉलेज के प्राचार्य ने मेडल देकर किया सम्मानित

भास्कर न्यूज | सरिया



सरिया कॉलेज में क्रिकेट मैच के दौरान उपस्थित खिलाड़ी व अन्य।



क्रिकेट मैच खेलते खिलाड़ी।

सरिया हाईस्कूल स्टेडियम में सरिया कॉलेज के विद्यार्थियों के बीच शनिवार को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। टीम बी के कप्तान आशीष यादव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ए ने निर्धारित 8 ओवरों में 6 विकेट खोकर 56 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम बी ने सधी हुई शुरुआत की और सिर्फ 2 विकेट के नुकसान पर छठे ओवर में 58 रन बनाकर मैच 8 विकेट से जीत लिया। टीम बी की ओर से राजदेव ने उत्कृष्ट गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट हासिल किए। वहीं टीम ए के लिए सर्वाधिक 19 रन का योगदान सूरज कुमार यादव ने दिया। टीम बी के लिए पवन कुमार ने सर्वाधिक 18 रन बनाए। विजेता और उपविजेता टीमों को कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार लाल ने टीम ए के कप्तान उज्ज्वल यादव तथा टीम बी के कप्तान आशीष यादव को मेडल देकर सम्मानित किया। इसके अलावा अन्य खिलाड़ियों को खेलकूद प्रभारी डॉ. अरुण कुमार और डॉ. आशीष कुमार सिंह ने मेडल प्रदान किए।

मैच का संचालन मुन्ना राणा और अशोक कुमार ने निर्णायक के रूप में किया। मौके पर उज्ज्वल यादव, सूरज यादव, अशोक यादव, सागर शर्मा, अमित कुमार, सुधांशु कुमार यादव, परमेश्वर कुमार, अक्षय कुमार, आशीष यादव, पवन कुमार, राहुल पंडित, काशी पंडित, उमेश कुमार दास, उदय कुमार मंडल, राजदेव कुमार पासवान, रोशन कुमार, सागर कुमार, लखन गोप सहित कई छात्र उपस्थित थे।